27.08.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवनीत सिंह निर्विरोध निर्वाचित।
- राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने पहली कक्षा से चरित्र निर्माण और संस्कारी नागरिक बनाने वाली शिक्षा पर जोर दिया।
- हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा की आत्महत्या के मामले में सरकार ने एसआईटी गठित करने का निर्णय लिया।
- पैरालम्पिक गेम्स 2024 कल से पेरिस में शुरू होंगे–84 सदस्यीय भारतीय दल में नौ खिलाड़ी राजस्थान से।

000

राजस्थान से राज्य सभा की एक सीट के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवनीत सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आज इस उपचुनाव के लिये नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद विधानसभा के प्रमुख सचिव और निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने श्री सिंह को निर्वाचित घोषित किया। श्री शर्मा ने श्री सिंह के की ओर से प्रमाण–पत्र लेने के लिए अधिकृत ऐजेन्ट योगेन्द्र सिंह तंवर को निर्वाचित होने का प्रमाण–पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार शर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उप चुनाव में निर्विरोध सांसद निर्वाचित होने पर रवनीत सिंह को बधाई दी हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य में जमीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए। उन्होंने सभी स्कूलों में पहली कक्षा से चरित्र निर्माण और संस्कारी नागरिक बनाने वाली शिक्षा पर जोर दिया। राज्यपाल आज राजभवन में शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछड़े क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां निजी स्कूल खोलने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांव के गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने घुमंतू परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सरकारी प्राथमिक स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। श्री बागडे ने विद्यालयों में चरित्र निर्माण, संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा और नैतिक मूल्य के पाठ भी विशेष रूप से शामिल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों में खेल मैदान और चारदीवारी बनाने, सौर ऊर्जा और वृक्षारोपण के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने का आह्वान किया। बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य में संस्कार शिक्षा को प्राथमिकता देने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में राज्य में किए जाने वाले विशेष प्रयासो के बारे में भी जानकारी दी।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज राजस्थान पर्यटन विकास निगम की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने राज्य को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए कार्य योजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी पर्यटन विभाग की बजट घोषणाओं को गुणवत्ता के साथ लक्षित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला और संस्कृति गायत्री राठौड़, आरटीडीसी प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

000

सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा है कि सिक्किम और राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। श्री माथुर ने आज पाली जिले के रणकपुर में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि दोनों राज्यों के मंत्री और अधिकारी इस क्षेत्र में सहयोग करके पर्यटकों की संख्या में खासी वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से दोनों ही राज्यों में पर्यटन विकास होगा।

000

प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का दो दिन का सम्मेलन कल जयपुर में शुरू हो रहा है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' विषय पर आयोजित इस विशेष सम्मेलन का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कांफ्रेंस में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग–अलग सत्रों में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

000

....................

जयपुर में हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा की आत्महत्या के मामले में त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठित की जायेगी। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में विधायकों तथा पुलिस अधिकारियों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ दिवंगत के परिजनों के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया जाएगा। दिवंगत श्री बैरवा के पुत्र को शीघ्र ही सरकारी सेवा में अनुकंपा नियुक्ति और पुत्री को जयपुर में संविदा पर नियुक्ति दी जाएगी।

मृतक की 23 वर्षीय पुत्री को पुलिस परिवार द्वारा गोद लिया जाएगा और शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी पुलिस विभाग द्वारा वहन की जाएगी। वहीं पुलिस विभाग की तरफ से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया भी एक माह में पूरी कर ली जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दिवंगत हेड कांस्टेबल के सेवा परिलाभ के 55 लाख रुपए भुगतान और पेंशन की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी। इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी अनिल शर्मा तथा जगदीश व्यास को एपीओ किया गया है तथा उप निरीक्षक आशुतोष सिंह को निलंबित किया गया है। आज हुई वार्ता में सहमति के बाद हैड कॉस्टेबल के परिजन उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार करने पर सहमत हो गये हैं।

000

जयपुर पुलिस ने 8 दिन पहले नाहरगढ से अपहत एक युवक को अपहरणकर्ताओं से सकुशल छुड़ा लिया है। पुलिस ने अपहरण करने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि अपहरण में शामिल एक और आरोपी के बारे में भी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। उन्होंने बताया कि इस अपहरण की सूचना मिलते ही विशेष टीम गठित कर ऑपरेशन चैकमेट चलाया गया। विशेष टीम में जिला उत्तर के सभी थानों की स्पेशल टीम के सदस्यों के साथ–साथ पुलिस आयुक्तालय, साईबर टीम, क्राइम ब्रांच के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

000

सेना भर्ती कार्यालय जयपुर की ओर से सीकर में 02 से 11 सितम्बर तक सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। प्रदेश की यह इस साल की तीसरी सेना भर्ती रैली है। इस रैली में जयपुर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, दुदू और नीम का थाना जिले के अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंस/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों के लिये सामान्य प्रवेश परीक्षा– 2024 में शामिल हुए पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

000

पैरालम्पिक गेम्स 2024 कल से पेरिस में शुरू हो रहे हैं। 8 सितम्बर तक चलने वाले इन खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें राजस्थान के नौ खिलाड़ी शामिल हैं। पैरा एथलीट सुंदर सिंह गुर्जर, संदीप चौधरी, अवनि लेखरा, मोना अग्रवाल, रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह अपना भाग्य आजमाएंगे। इसके अलावा बैडमिंटन खिलाडी कृष्णा नागर, अनिता चौधरी तथा तीरंदाज श्याम सुंदर भी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश में पैरालम्पिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

000

आकाशवाणी जयपुर की ओर से जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में स्वाधीनता को समर्पित संगीत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रंगायन सभागार में हो रहे इस कार्यक्रम में ख्यातनाम गायिका सीमा मिश्रा, राजस्थानी गीत तथा गायक रविंद्र उपाध्याय और गौरव जैन सुगम संगीत की प्रस्तुति दे रहे हैं। कार्यक्रम में मोमिन खान का सारंगी वादन और युसूफ खान मेवाती का भपंग वादन भी होगा।

000

राज्य के कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई है। बीते 24 घंटे में बांसवाड़ा और डूंगरपुर के कई स्थानों पर जबकि जयपुर तथा उदयपुर में कहीं—कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है । बांसवाड़ा के बागीदौरा में सबसे ज्यादा 20 सेंटीमीटर बरसात दर्ज की गई। डूंगरपुर के कई स्थानों पर आज भी बारिश जारी है पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण नदी नाले उफान पर है। जयपुर में आज हल्की बारिश हुई। कई अन्य जिलों में भी आज हल्की से मध्यम वर्षा होने के समाचार हैं। मौसम केंद्र जयपुर की ओर से बताया गया है कि उदयपुर, जोधपुर संभाग के कुछ भागों में अगले 48 घंटों के दौरान तेज हवाओं के साथ रुक—रुक कर मध्यम दर्जे की बारिश और कहीं—कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर, भरतपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में भी अगले दो—तीन दिन मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

000

प्रदेशभर के कृष्ण मंदिरों में आज नंदोत्सव की धूम है। नंदोत्सव के तहत मंदिरों में विशेष आयोजन हो रहे हैं। जयपुर में आज दोपहर बाद गोविंद देवजी की शोभायात्रा निकाली गई। ये शोभायात्रा श्री गोपीनाथ मंदिर पहुंचेगी। राजसमंद के नाथद्वारा में श्रीनाथजी की मनोरम झांकी सजाई गई और विशेष पूजा अर्चना की गई। चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ और सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में भी दूर दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। झालावाड़ के द्वारिकाधीश मंदिर तथा करौली के मदनमोहन जी मंदिर में नंदोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भरतपुर के किला स्थित बांके बिहारी मंदिर, और नदिया गोपाल मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई गई।
श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाकर कृष्ण जन्म की खुशियां मनाई। सवाईमाधोपुर जिले में आज नंदोत्सव के कार्यक्रम पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाये गये।

000

गोगा नवमी पर आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लोक देवता गोगाजी की पूजा—अर्चना की जा रही है। हनुमानगढ के गोगामेड़ी में आयोजित मेले में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पाली में केसरिया कवर महाराज मंदिर में गोगा नवमी पर विशेष श्रृंगार किया गया। डीग जिले के कामां कस्बा के बाबा जाहरवीर मंदिर में गोगा जी महाराज की फूल बंगला झांकी सजाई गई। शाम को पुष्प, फल नारियल आदि अर्पित कर महाआरती की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को गोगा नवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बने रहने की कामना की।

000

पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो का स्थापना दिवस समारोह कल नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह समारोह में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वे डॉक्टर आनंद स्वरूप गुप्ता स्मारक व्याख्यान भी देंगे। इस वर्ष के व्याख्यान का विषय है — नये आपराधिक कानून—नागरिक केन्द्रित सुधार। समारोह के दौरान गृहमंत्री नये आपराधिक कानूनों के बारे में ब्यूरो की पत्रिका इंडियन पुलिस जनरल के विशेषांक का विमोचन भी करेंगे। श्री शाह 2023 और 2024 के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे।

000